हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023

तापमान
अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

11 अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ...



12 काले पीलिए के बारे में जानकारी दी: डॉ. मल्होत्रा



# 135 में 85 डॉक्टर नहीं आए, सीनियर ने संभाले रखी कमान, मरीजों को दवा दी, मरहम-पट्टी भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिविल अस्पताल के डॉक्टर शुक्रवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। हड़ताल करने वाले 135 डॉक्टर्स में से कुल 85 डॉक्टर छुट्टी पर थे, बाकि 50 डाक्टर हाजिर रहे। हड़ताल को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों, एसएमओ, डिप्टी सीएम, एनआरएचएम डॉक्टर्स, कंसल्टेंट ने कमान संभाले रखी। मरीजों की जांच भी की गई, उन्हें दवा भी दी। यही नहीं इमरजेंसी में आए घायलों की मरहम-पट्टी भी की। हड़ताल का असर तो था, मरीजों को परेशानी भी हुई, लेकिन अधिकारियों के कमान संभालने के कारण मरीजों को ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। दूसरी ओर एचसीएमएस डॉक्टर्स का कहना है कि शुक्रवार को दिन में स्वास्थ्यमंत्री अनिल विज से बात होनी थी, लेकिन वे मिलने नहीं आए।

■ अधिकारियों के काम संभालने से मरीजों को नहीं हुई ज्यादा परेशानी

■ सरकार से बातचीत के बाद तीन दिन के लिए हड़ताल स्थगित

### सरकार ने दिया आश्वासन

देर शाम तक पंचकुला में एचसीएमएस एसोशिएशन और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद आश्वासन दिया गया। इसके बाद डॉक्टर्स ने शनिवार, रविवार और सोमवार तक हड़ताल को स्थगित कर दिया है। एचसीएमएस डॉक्टर्स ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सामूहिक अवकाश रखा।



रोहतक। ओपीडी के बाहर बैंच पर बैठे मरीज।



रोहतक। मरीजों से जानकारी लेते हुए डॉ. अनिल बिरला

### थोड़ा असर पड़ा

पूरे प्रदेश में सिविल अस्पतलों, पीएचसी, सीएचसी में कुल 2798 डॉक्टर्स में से 2229 डॉक्टर हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर असर तो पड़ा, लेकिन अधिकारियों ने पूरी तरह मोर्चा संभाले रखा।

### ओपीडी की पर्ची भी बनाई गई

सभी मरीजों की ओपीडी की पर्ची भी बनाई गई और गायनी में भी इलाज किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल बिरला ने, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केएल मलिक, सिविल अस्पताल के एचएमओ डॉ. पुष्पेंद्र और डॉ. अनिलजीत त्रेहान के साथ सिविल अस्पाल का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत भी की। इसके साथ उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थ भी देखी और दिशा-निर्देश भी दिए।

### ओपीडी फुल रही

मानाजा रहा था कि हड़ताल की पूर्व सूचना है तो कम संख्या में मरीज अस्पताल में आएंगे, लेकिन अन्य दिनों की अपेक्षा ही ओपीडी की पर्ची बनाई और 1200 से 1500 के बीच ओपीडी कार्ड भी बने। मरीजों की संख्या में कमी नहीं देखी गई।

### हर कमरे में डॉक्टर नजर आया

सिविल अस्पताल में पहले से ही पूरे प्रबंध किए गए थे। हड़ताल के दौरान अतिरिक्त चिकित्सकों को पहले ही ड्यूटी पर रहने के लिए बोल दिया गया था। अस्पताल के हर कमरे में डॉक्टर नजर आए और उन्होंने मरीजों की जांच की। इमरजेंसी और गायनी में भी मरीजों का इलाज किया गया।

### विशेषज्ञों के अभाव में वापस लौटे मरीज

कुछ मरीजों को इलाज नहीं मिल पाया। विशेषज्ञ डॉक्टर्स के अवकाश के कारण मरीजों को बिना जांच करवाए ही वापस जाना पड़ा। कई मरीज ऐसे थे जिनका इलाज लंबे समय से सिविल अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार को संबंधित डॉक्टर नहीं मिलने के कारण उन्हें मायूसी हुई।

### इमरजेंसी से लेकर ओपीडी हर चीज सुचारू रूप से चल रही

सरकार के निर्देश अनुसार सभी डॉक्टरों को हड़ताल खत्म करके काम करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में किसी प्रकार की मरीज को कोई दिक्कत नहीं आई। मैंने खुद हर जगह जाकर देखभाल की। इमरजेंसी हो लेबर रूम या फिर आम ओपीडी हर चीज सुचारू रूप से चल रही हैं। कुछ डॉक्टर छुट्टी पर हैं, लेकिन सरकार के निर्देश अनुसार जो भी डॉक्टर छुट्टी पर रहेगा उसकी छुट्टी नहीं मानी जाएगी। वह काम पर नहीं लौटते हैं तो उनकी गैर हाजिरी लगेगी।
-डॉ. अनिल बिरला, सिविल सर्जन, रोहतक

### जल्द समाधान के आसार : विश्वजीत राठी



एचसीएमएस एसोसिएशन के जिला प्रधान विश्वजीत राठी ने बताया कि एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार शाम को पंचकुला में अधिकारियों के साथ हुई। उम्मीद है कि डॉक्टर्स की मांगों को लेकर जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। डॉक्टर्स की मांग है कि पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि 1 करोड़ से घटा कर 50 लाख की जाए और उसके लिए कुछ गिरवी न रखवाया जाए। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए। - डायनेमिक एसीपी दिल्ली और बिहार सरकार की तर्ज पर बनाया जाए। इसके अलावा डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद हों ताकि चिकित्सा अधिकारी जो लगभग 20 साल की नौकरी के बाद पहले प्रमोशन पर एसएमओ बनते हैं उनसे उनका हक न छीना जाए।

## शहर में आज

- ⏭ शीला बाईपास के पास गणपति गार्डन में जाट संस्था बचाओ समिति की पत्रकार वार्ता दोपहर 12 बजे
- ⏭ भारत विकसित यात्रा सेक्टर-2 हाउसिंग बोर्ड में पहुंचेगी दोपहर 2 से 5 बजे तक
- ⏭ मेडिकल मोड पर रक्तदान शिविर सुबह 9 से 1 बजे तक
- ⏭ नगर निगम का विशेष सफाई अभियान सुबह 9 बजे से शुरू होगा
- ⏭ वैश्य महिला महाविद्यालय में शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों का धरना जारी रहेगा

## खबर संक्षेप

### परमार्थ समन्वय संगठन की बैठक कल

रोहतक। परमार्थ समन्वय संगठन की वार्षिक मीटिंग 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे वैश्य कॉलेज रोड स्थित परमार्थ अस्पताल में होगी। संस्था के संचालक गोबिंद राम सिंघल ने बताया कि मीटिंग में गत वर्ष की प्रगति रिपोर्ट व आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक मेंनई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### अशोक सेठ के मरणोपरांत नेत्र दान

रोहतक। कृष्णा कॉलोनी निवासी अशोक सेठ के मरणोपरांत नेत्र दान किए गए। वह 73 वर्ष के थे।



उनकी मृत्यु की सूचना नेत्रदान के लिए समर्पित समाजसेवी राजेंद्र कत्याल को मिली। उसके बाद मृतक की पत्नी कुसुम सेठ तथा परिवार की सहमति लेकर राजेंद्र कत्याल ने पीजीआई के नेत्र विभाग के डॉक्टर आरएस चौहान से संपर्क करके नेत्र दान के कार्य को सम्पन्न करवाया। राजेंद्र कत्याल और उनके सहयोगी अशोक ठकराल ने बताया कि रक्तदान, अंगदान, देहदान तथा मरणोपरांत नेत्रदान से बढ़कर कोई और पुनीत कार्य नहीं है।

### नशीले पदार्थ सहित युवक काबू, केस दर्ज

रोहतक। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। युवक से 70 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल ने बताया कि एएनसी की टीम सोनीपत रोड गांव भालौठ के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांव पाकस्मा निवासी युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। जो नशीला पदार्थ बेचने की फ़िराक में खडा है। सोनीपत रोड पाकस्मा मोड के पास नरेश निवासी पाकस्मा को काबू किया गया। युवक के पास से 70 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना आईएमटी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### सनसिटी में युवक ने फंदा लगाया

रोहतक। सेक्टर-27 सनसिटी स्थित एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक अकेला ही यहां किराए पर रहता था और जब परिवार वालों ने फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद परिवार वालों को शक हुआ। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गांव रुड़की निवासी करीब 40 वर्षीय रविंद्र के रूप में हुई है।

# तिहाड़ से आए कैदी पर सुनारियां जेल में धारदार हथियार से हमला

## कैदियों में मारपीट से हड़कंप, एक गंभीर रूप से घायल



रोहतक। वारदात के बाद अलर्ट पर जेल कर्मचारी। (इनसेट में) घायल कैदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुनारियां जेल में बंदियों के बीच झगड़ा हो गया। शुक्रवार शाम को तिहाड़ जेल से आए बंदी पर दो बंदियों ने किसी तेजधार चीज से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बंदी तेजधार हथियार लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार चल रहा है। शिवाजी कॉलोनी थाने में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि सुनारियां जेल में राहुल उर्फ बाबा निवासी खिड़वाली पर 10-12 मुकदमे दर्ज हैं। वह बृहस्पतिवार को तिहाड़ जेल से रोहतक जेल में आया था। शुक्रवार को तीन चार दूसरे गैंग के सदस्यों ने तेजधार किसी चीज से हमला कर दिया। इस दौरान राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हो पीजीआई में भर्ती करवाया गया। वहीं, शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने कहा कि इस मामले के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। जेल में बंदियों के साथ मारपीट का यह यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बाद आपस में बंदी भिड़ चुके हैं।

### घायल कैदी पीजीआई में भर्ती

बंदियों के बीच झगड़े से पुलिसकर्मी और अन्य बंदियों में भी हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल राहुल को पीजीआई में भर्ती कराया गया। शिवाजी कॉलोनी एसएचओ का कहना है कि अभी तक जेल की तरफ से कोई सूचना नहीं मिली

### अवैध हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने एक्टिवा पर सवार तीन युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियो से चार देसी पिस्तौल बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी सीआईए-2 आजाद नैन ने बताया कि एक्टिवा पर सवार तीन युवक अवैध हथियार सहित खड़े हुए हैं। गांव सांघी से पहले नहर की पटरी के पास एक्टिवा पर सवार तीनों युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। एक्टिवा चालक की पहचान सुंदर, शरण व पम्पी निवासी खिड़वाली के रूप में हुई है।तलाशी लेने पर शरण के पास से दो पिस्तौल, पम्पी व सुंदर के पास से एक-1 देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### चुगना है दाना ... भरनी है उड़ान



रोहतक। ओमेक्स सिटी के पास डिवाइडर पर से दाना चुग उड़ान भरते परिंदें। फोटो: अनिल चहल

# 38 लाख में जगमग होगा मुख्यमंत्री का गांव निंदाना

■ पंचायत समिति ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मुख्यमंत्री का जन्म स्थल गांव निंदाना अब मेरा गांव जगमग गांव योजना के तहत जगमग होगा। पंचायत समिति चेयरमैन नवनीत राठी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई योजना के तहत महम खंड के गांव फरमाना, मोखरा खास, गिरावड़, भराण शेखपुर तीतरी को चिन्हित किया गया था। इसमें निंदाना गांव को शामिल कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए निंदाना गांव को भी इस योजना में शामिल करने के आदेश जारी किए। बताया कि हर खंड में पांच बड़े गांवों को इस योजना में शामिल किया गया है। गलती से निंदाना गांव को छोड़ दिया गया था। उसके बाद इस मामले को उनके द्वारा अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया।

उसके बाद अधिकारियों द्वारा 38 लाख रुपये की लागत का एस्टीमेट तैयार कर अमलीजामा पहनाया गया। गांव में स्ट्रीट लाइट लगने की सूचना पाकर ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा नेत्री राधा अहलावत व ब्लॉक समिति के चेयरमैन नवनीत राठी का धन्यवाद किया है।

# आज शहर की 33 कॉलोनियों में घंटों बिजली नहीं आएगी

## आधे शहर में दो से लेकर तीन घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बिजली नहीं आने की समस्या से शनिवार को भी जूझना पड़ेगा। आज आधे शहर में 3 घंटे बिजली नहीं आएगी। कुल 33 कॉलोनियां ऐसी हैं, जिनमें 2-2 घंटे और कुछ में 3 घंटे बिजली गुल रहेगी। पिछले कई दिनों से बिजली निगम का ऐसा ही शेड्यूल चल रहा है। अलग-अलग फीडरों की मुरम्मत करवाई जा रही है, जिस कारण लोगों को बिजली समय पर नहीं मिल पा रही। सब डिविजन-2 और सब डिविजन-1 के एसडीओ ने शुक्रवार को बताया कि शनिवार को भी कई जगह मुरम्मत की जाएगी। सब डिविजन-3 में आने वाले जींद चौक फीडर पर काम के चलते कई कॉलोनियों में 12 से 2 बजे तक बिजली नहीं आएगी। वहीं सब डिविजन-2 के फीडर पर काम के चलते इस क्षेत्र में आने वाली कई कॉलोनियों में सुबह 10 से 12 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। जिन कॉलोनियों में बिजली बाधित रहेगी, उन कॉलोनियों में पानी की समस्या भी पैदा होगी। पानी सप्लाई के समय बिजली नहीं आई तो समस्या और भी बढ़ सकती है।

### ये बोले अधिकारी

लोगों को एक दिन पहले ही सूचित कर दिया जाता है कि किस-किस कॉलोनी में कितनी देर बिजली बाधित रहेगी। सूचना इसीलिए दी जाती है ताकि लोग अपनी दिनचर्या उसी हिसाब से बनाएं।
आशीष चौहान, एसडीओ, सब डिविजन-3

### दोपहर 12 से 2 बजे तक

- जींद चौक
- संजय कॉलोनी
- इंदिरा कॉलोनी
- नेहरू कॉलोनी
- गौ कर्ण तालाब
- शोरा कोठी

### सुबह 10 से 12 बजे तक

- खोखरा कोट
- डेयरी मोहल्ला
- पाडा मोहल्ला
- पटवार खाना
- गोसाई चौक
- जुलाहा चौक

### दोपहर 12 से 2 बजे तक बाधित रहेगी

- रैनकपुरा
- डिस्पोजल फीडर
- राजीव विहार फीडर
- बस स्टैंड फीडर
- शिव बिहार,
- बडशी नगर
- शिव कॉलोनी
- जींद रोड
- डीपीएस स्कूल
- राजीव विहार
- आउटर गोहाना बाइपास
- कच्चा चमारिया रोड
- पटाका फैक्ट्री
- खोखरा कोट
- रामराज नगर
- वन सिटी
- अनंतपूरम सोसाइटी
- कबीर कॉलोनी
- बालक नाथ कॉलोनी
- माता दरवाजा

# प्रोपर्टी टैक्स भरने के लिए अवकाश के दिन भी खुलेगा निगम कार्यालय

■ 31 तक भरने पर वित्तवर्ष के सम्पत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रोपर्टी टैक्स भरने व प्रोपर्टी की सूचना खुद प्रमाणित करवाने के लिए शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन भी नगर निगम कार्यालय खुला रहेगा।

31 दिसम्बर तक सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष के सम्पत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट व वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक इस देरी फीस यानी 1.5 प्रतिशत ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई है।

यह छूट उन सम्पत्तिधारकों को दी जाएगी जो सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्वति पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति की सूचना खुद प्रमाणित करते हैं और निर्धारित 2023-24 तक अपने कुल सम्पत्तिकर के बकाया का भुगतान करते हैं। निगम कार्यालय में टैक्स भरने को विशेष काउंटर भी लगेंगे।

### ऑनलाइन भरने पर एक प्रतिशत की छूट



नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र कुमार ने बताया कि अवकाश के दिन कार्यालय खोलने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियो को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन वेबसाईट पर सम्पत्तिकर भरने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ ले सकते हैं। जो सम्पत्ति मालिक निर्धारित समय में अपना बकाया सम्पत्तिकर जमा नहीं करवाता है तो पोलिसी के अनुसार उसे किसी प्रकार की छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

■ ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

## ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने पीआईडीएफ योजना 2025 तक बढ़ाई



**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दिया। इसके साथ ही 'साउंड बॉक्स' उपकरण और 'आधार' से जुड़े बायोमेट्रिक उपकरणों को शामिल करके सब्सिडी देने की गुंजाइश को बढ़ा दिया गया है।

### पावर ग्रिड को बांड से राशि जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बांड के जरिये 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बांड पर गठित निदेशकों की समिति ने 29 जुलाई को पूंजीगत व्यय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई किस्तों में वित्त वर्ष 2023-24 में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 3,244 करोड़ के नए ठेके



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को उसकी विदेशी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के साथ 3,244 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने इसके साथ ही भूमिगत मेट्रो रेल सुरंग क्षेत्र में भी प्रवेश की घोषणा की है। भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के 'डिजाइन' तथा निर्माण का ठेका मिला है।

### नवंबर में प्लास्टिक निर्यात में 5.6 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** भारत से प्लास्टिक निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 89.2 करोड़ डॉलर रह गया है। इसकी मुख्य वजह विविध उत्पादों की निर्यात खेप में गिरावट आना है। प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। नवंबर, 2022 में कुल प्लास्टिक निर्यात 94.5 करोड़ डॉलर का हुआ था।

### जूमकार का इनोवेटिक के साथ विलय पूर्ण

**नई दिल्ली।** कार साझा करने वाले मंच जूमकार और विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी 'इनोवेटिव इंटरनेशनल एक्विजिशन कॉर्पोरेशन' (आईओएसी) ने शुक्रवार को अपना विलय पूरा कर लिया। जूमकार ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई का नाम जूमकार होल्डिंग्स इंक रखा गया है और यह नैसडैक पर तत्काल अपना कारोबार शुरू कर सकती है।

### इसरार अहमद बने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इसरार अहमद ने भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति स्थायी अध्यक्ष के चुनाव तक प्रभावी होगी। भारतीय निर्यातकों के निकाय ने बयान में कहा कि उपाध्यक्ष अहमद ने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फियो के निवर्तमान अध्यक्ष ए शक्तिवेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। फियो का चुनाव पहले ही होने वाला था लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने इसे टाल दिया है। इस साल मई में एक समिति का गठन किया गया है जो निर्यात संवर्द्धन परिषदों और फियो के पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा कर रही है।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



■ बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,846.25 करोड़ रुपए रहा

■ खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी

■ खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घटबराते नहीं हैं

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा*

*:साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# तेल कंपनियां इथेनॉल पर देगी प्रोत्साहन राशि




■ सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल पर मिलेंगे 6 .87 रुपए प्रति लीटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आपूर्ति बढ़ाने के लिए सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल पर 6.87 रुपये प्रति लीटर का प्रोत्साहन देने की पेशकश की है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल उत्पादन को अधिकतम करने और इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।' सी-हैवी श्रेणी का शीरा चीनी कारखानों का एक उप-उत्पाद है। इथेनॉल उत्पादन के लिए इसका उपयोग हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। जीवाश्म ईंधन की खपत तथा आयात निर्भरता में कटौती के लिए एक सरकारी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में तेल कंपनियां पेट्रोल में 12 प्रतिशत तक इथेनॉल का मिश्रण कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने इस शीरे पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

### इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी

कंपनियों ने कहा कि सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन राशि पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के खरीद मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर के ऊपर दी जाएगी। बी-हैवी श्रेणी के शीरा और जूस से बनने वाले इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी।

# भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।'

कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं। एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। दिग्गज बैंकर ने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था।

वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाज़ार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई।




■ भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा

■ लोग अपना धन एमएफ और शेयर बाजार में लगा रहे

*निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही : कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/उधारकर्ता और जारीकर्ता/निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।*

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था।



■ गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

### नवंबर में सोने का निर्यात 9.2 फीसदी बढ़ा

सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।



■ चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

## बीएसईएस छतों पर 1,000 सौर इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी बीएसईएस ने अभी तक छतों पर 6,000 सौर इकाइयां स्थापित की हैं और उसकी योजना अगले वित्त वर्ष में कम से कम 1,000 और इकाइयां लगाने की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छतों पर सबसे ज्यादा 3,650 सौर इकाइयां उपकरण घरेलू खंड में लगाई गईं। इसके बाद वाणिज्यिक खंड में 1,087 इकाइयां, शिक्षण संस्थानों में 939 इकाइयां, औद्योगिक क्षेत्र में 85 इकाइयां और अन्य क्षेत्रों में 129 इकाइयां स्थापित की गईं। बीएसईएस ने एक बयान में कहा, 'छत पर लगने वाले सौर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही। आवासीय, शिक्षण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ता बड़े पैमाने पर छत पर सौर नेट मीटरिंग के प्रति आकर्षित हुए हैं।'

## रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

# नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी।

■ एनएसई दो लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा

दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है।

पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

### क्या है इसका मकसद

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है।

आसान भाषा में समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।

### सर्कुलर में क्या कहा गया है

एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

### दूसरा सेशन डीआर साइट पर

वहीं, दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। वहीं, क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बता दें कि एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन आयोजित करेगा। बीएसई की ओर से भी इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।



### ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी

सर्कुलर के मुताबिक इस दिन सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

### वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## खबर संक्षेप



### मांगों को कर्मचारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**महम।** कौशल रोजगार निगम के तहत राजकीय बहु तकनीकि संस्थान महम में पिछले कई सालों से कार्यरत कर्मचारी राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा से मिले। कर्मचारियों ने कहा कि वे पहले आउटसोर्स पार्ट-1 के तहत कार्यरत थे। जिसमें उनकी सैलरी में प्रति वर्ष 10 से 15 प्रतिशत का इजाफा होता था जो कि अब यह इजाफा हमें पिछले दो वर्षों से नही मिल रहा है। वे पक्के कर्मचारी जितना ही काम कर रहे हैं।

### श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ शुरू

**रोहतक।** भक्तिधारा गौसेवा ट्रस्ट द्वारा श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ नेताजी सुभाष पार्क सुभाष नगर में हुआ। याज्ञिक आचार्य धर्मवीर प्रसाद वेदपाठी के सानिध्य में कलश यात्रा शिव मंदिर से आरंभ होकर नेताजी सुभाष पार्क में संपन्न हुई। कथा व्यास आचार्य देव कृष्ण शौनक महाराज ने गणेश पूजन के साथ भागवत कथा का महात्म्य सुनाया। उन्होंने बताया कि भागवत का वास्तविक अर्थ है कि जो कीर्ति, ज्ञान सहित अर्थ धर्म-काम-मोक्ष को विस्तार से सन्तुष्ट और पुष्ट करके हमेशा हमेशा के लिए अपने चरणों में भक्ति प्राप्त कराता है वह भागवत है।

## एमडीयू की बेटियों ने 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीता

# एमडीयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में चल रही आल इंडिया महिला एवं नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरूष एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के महिला वर्ग की 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में शानदार प्रदर्शन करके गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा पुरुष वर्ग के 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में सिल्वर मेडल जीत कर एमडीयू का रोशन किया। साथ ही आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी क्वालिफाई किया। एमडीयू के स्टार एथलीट परमजीत ने 5000 मीटर्स रेस में ब्रोंज मेडल जीत कर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया। टीम कोच डॉक्टर रमेश सिंधु ने बताया कि एमडीयू के सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 3-0 से हराकर सेमिफाइनल में किया प्रवेश

वहीं जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में चल रही नॉर्थ जोन पुरुष लॉन टेनिस प्रतियोगिता में एमडीयू की पुरुष लॉन टेनिस टीम ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एमडीयू के कोच सरवन कुमार ने बताया कि टीम ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी क्वालिफाई किया है। इस जीत पर एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, एमडीयू स्पोर्ट्स कॉन्सिल के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र खत्री और खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने सभी को बधाई दी।



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### किलो वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

रोहतक के बेटे शुभम नांदल ने अकोलापुर महाराष्ट्र में बॉक्सिंग 64 किलो वर्ग खेल में स्वर्ण पदक हासिल किया है। हिसार बाईपास चौक मार्केट एसोसिएशन के प्रधान इशू सिहपुरिया ने बताया सोमवार को रोहतक पहुंचने पर चौक के सभी दुकानदारों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सरपरस्त पंकज चौधरी, चेयरमैन सतीश जांगड़ा, जोगिंदर मलिक, रवि मिश्रा और विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

### एमडीयू की टीम ने 6 विकेट से जीता मैच

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार की टीम को 6 विकेट से हराते हुए लगातार तीसरी जीत प्राप्त की। एमडीयू के नरेंद्र शीलक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नरेन्द्र ने 31 गेंदों पर 8 चौके व 9 छक्कों की मदद से 92 रन बनाए। एमडीयू के कप्तान राज ने टॉस जीतते हुए पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम 20 ओवर में 167 रनों पर ऑल आउट हो गई। अनिल ने 54 रन, विकास खरब ने 31 रन तथा राकेश झांझरिया ने 30 रनों की पारी खेली। एमडीयू की तरफ से पंकज नैन ने तीन विकेट, नरेन्द्र शीलक ने तीन विकेट, राज तथा दीपक कुमार ने एक-एक विकेट लिया। वहीं एमडीयू की टीम ने 15.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाते हुए 6 विकेट से जीत प्राप्त की। एमडीयू की जीत में कप्तान राज, डॉ. विपिन सैनी, पंकज नैन, नरेन्द्र शीलक, दीपक कुमार, प्रवीन कुमार, योगेन्द्र सिवाच, ऋषि सैनी, रामबीर राणा, गौरव दूरेजा, महिपाल, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, राजेश रोहिल्ला तथा डॉ. सुखबीर हुड्डा का अहम योगदान रहा। एमडीयू रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, मडूटा प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रधान राजकुमार शर्मा, सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने एमडीयू एम्प्लाइज क्रिकेट टीम को बधाई दी।



**रोहतक।** टी-20 क्रिकेट मैच जीतने के बाद विजयी मुद्रा में एमडीयू के खिलाड़ी।

### छात्रा तन्नू ने जीता गोल्ड मेडल

*रोहतक। गांव रूड़की की खिलाड़ी तन्नू ने नई दिल्ली में आयोजित रेसलिंग फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करके गांव व स्कूल का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी तन्नू के पिता जगदीश खेती बाड़ी और प्राइवेट नौकरी करते हैं। कोच मनदीप ने बताया कि वह गौरड़ के सर छोटूराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय रेसलिंग फ्री स्टाइल प्रतियोगिता के अंडर-19 के 65 किलोभार वर्ग में तन्नू ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित की गई। खिलाड़ी तन्नू रोहतक छोटूराम स्टेडियम में प्रैक्टिस करती है और वह इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन कर चुकी है।*



रोहतक। खिलाड़ी तन्नू।



**रोहतक।** खिलाड़ी ज्योति।

### वेटलिफ्टिंग में छात्रा ज्योति ने जीता स्वर्ण पदक

रोहतक। गांव मोरखेड़ी के सरकारी स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढ? वाली छात्रा ज्योति ने 67वीं राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के 59 किलो भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। राजस्थान के बीकानेर में आयोजित स्कूली स्तर की प्रतियोगितर में देश के 20 से ज्यादा राज्यों के खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया। ज्योति के पिता जयवीर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेटी ने गोल्ड प्राप्त करके स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 के महिला-पुरूष वर्ग के खिलाड़ी शामिल रहे। जयवीर ने बताया कि ज्योति तीन बार नेशनल भारोतोलन खेल में प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी है जिसमें दो सिल्वर व एक ब्रांच मेडल प्राप्त कर चुकी है। ज्योति के कोच सत्यवान व नीरज मलिक ने बताया कि हमारी यह खिलाड़ी काफी मेहनती है जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में दर्जनों मेडल हासिल कर चुकी है। वर्ष 2022 में भुवनेश्वर में आयोजित खेलो इंडिया में छठा रेंक प्राप्त कर चुकी है। साथ ही स्कूल की कार्यवाहक ने बताया कि पिछले वर्ष हरियाणा शिक्षा विभाग की तरफ से हरियाणा की विभिन्न विद्यालयों की चुनिंदा 50 छात्राओं को मांउट युनाम पर्वत पर झंडा लहराने के लिए चयन किया गया, जिसमें रोहतक जिले में ज्याति ने मांउट युनाम पर्वत की चढ़ाई की। ज्योति के पिता जाट कॉलेज में कैंटीन चलाते है व मां गृहणी हैं और दो भाई है जिसमें छोटा भाई भी साथ में वेटलिफ्टिंग करता है। ज्योति ने नवंबर 2022 में नूंह में हुई राज्य स्तरीय ओपन भारतोलन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रात किया है। यमुनानगर में भी राज्य स्तरीय स्कूली भारतोलन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को नेशनल ओपन भारतोलन जूनियर व सीनियर प्रतियोगिता के लिए अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर में जाएगी जहां 28 दिसंबर से 8 जनवरी तक होगी।



### रेहड़ी यूनियन का प्रतिनिधिमण्डल सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मिला

**रोहतक।** रेहड़ी यूनियन का प्रतिनिधिमण्डल अपनी मांगों को लेकर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मिला और अपनी समस्या के स्थाई समाधान कराने की मांग की। इस पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने तुरंत प्रशासन के अधिकारियों से बात की और कहा कि रेहड़ी वालों को उनके स्थान से बेदखल न किया जाए और सुझाव दिया कि एक सफेद पट्टी निर्धारित करके इनकी आजीविका के संरक्षण के इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा कि अकेले रोहतक में करीब 10 हजार से ज्यादा दिहाड़ीदार मजदूर पिछले कई दशकों से फल, सब्जी व खाने पीने की रेहड़ियां लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उनकी मांग है कि इलाके के अनुसार पहले की तरह उनकी रेहड़ियों को लगाने की अनुमति दी जाए, जो पूरी तरह जायज है, क्योंकि उनके ग्राहक भी इलाके के अनुसार स्थानीय होते हैं। ऐसे में उनकी आजीविका के अधिकार की रक्षा करना सरकार का फर्ज है। प्रतिनिधिमण्डल में रोहतक रेहड़ी यूनियन के जिला अध्यक्ष राजेश खटक, रवींद्र बोहत, सतीश बजाज, रवि कुमार, भारत भूषण, रामबीर गोयल, राम भागत, विनोद, सोनू, सन्नी आदि ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को बताया कि वे सभी रोहतक नगर निगम से लाइसेंस धारक हैं।

# सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विकास पर सरकार को घेरा

- हमारे कार्यकाल में रोहतक में आई कई परियोजनाएं, सरकार व सांसद बताएं उन्होंने क्या किया : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने शुक्रवार को शोरी मार्केट में डोर टू डोर संपर्क करके वस्त्र व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान मार्केट में व्यापारियों और नागरिकों ने उनका स्वागत किया और समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से व्यापार करना मुश्किल हो गया है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बदतर स्थिति में है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय रोहतक लोकसभा क्षेत्र हो या रोहतक शहर, विकास के मानचित्र पर विकसित रोहतक के रूप में जाना जाने लगा। आज विकास के मानचित्र से ये पूरा इलाका उतर गया। सड़क, सीवर, सफाई, पीने के पानी की बात तो दूर कोई नई बड़ी परियोजना भी इस इलाके में नहीं आई। इस दौरान सांसद ने पत्रकारों से बातचीत भी की। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए दर्जनों विकास कार्यों को बताते हुए सीधा सवाल किया कि भाजपा सरकार और भाजपा सांसद बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में इलाके के विकास के लिए क्या किया। अलबत्ता इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री जैसी बड़ी परियोजनाएं चली गई और अपने साथ लाखों रोजगार भी ले गई। इस दौरान विधायक बीबी बतरा और मार्केट के प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ,विधायक बीबी बतरा व मार्केट के प्रधान गुलशन। *फोटो : हरिभूमि*

### ये परियोजनाएं लेकर आए

दीपेंद्र हुड्डा ने बताया कि उनके कार्यकाल में विकास के सैंकड़ों कार्य हुए। जिनमें शिक्षा के क्षेत्र में रोहतक में भारत सरकार के राष्ट्रीय स्तर के 5 संस्थान (आईआईटी, आईआईएम, एम्स, एफडीडीआई, आईएचएम) बने, 5 नए विश्वविद्यालय, 18 नए सरकारी महाविद्यालय, 18 नई सरकारी आईटीआई, 8 नए सरकारी पॉलीटेक्निक, 2 नए केंद्रीय विद्यालय मंजूर हुए, 2 नए इंजीनियरिंग कॉलेज, विभिन्न गांवों में 120 नए खेल स्टेडियम, भारत सरकार के 2 साई स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, 4 सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, गांव शहर में 68 नए अस्पताल बने, बहादुरगढ़ तक नई मेट्रो शुरू हुई, 4 नई ट्रेन सेवा चालू करवाई, 2 नई रेलवे लाइन, 20 आरओबी का निर्माण कराया। 3 नई आईएमटी बनी, 30 नए बड़े उद्योग लगे, 2 बिजली के नए थर्मल पावर प्लांट लगे, 12 राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर, सड़कें, 718 पेयजल परियोजनाएं और 30706 गरीब परिवारों को 100 गज के मुफ्त प्लॉट दिलवाए।

## न्यूड डायरी



### पोक्सो एक्ट के बारे में बताया

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना के द्वारा प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के नेतृत्व में जिले के सभी खंडो के एबीआरसी, बीआरपी एवं महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ को खंड स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर कुलदीप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी करमिंद्र कौर ने पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सतीश शर्मा ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों को लैंगिक यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने विशेष मुहिम चलाई है ताकि बच्चों के साथ किसी प्रकार का यौन शोषण ना हो पाए।



### छात्रों ने सीखी पास्ता बनाने की विधिछात्रों ने सीखी

**रोहतक।** पास्ता बनाने की विधितिल्यार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान रोहतक में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मकडौली के 30 छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया । यह जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि 30 छात्रों ने संस्थान के विभिन्न विभागों को देखा तथा उन्हें इस दौरान पास्ता बनाने की विधि सिखाई गई जिसके पश्चात उन्होंने खुद पास्ता बनाया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल इंचार्ज संजीव कुमार डे ने उन्हें होटल मैनेजमेंट कोर्स में दाखिले तथा उसके पश्चात के करियर विकल्पों के बारे में बताया । कार्यक्रम के अंत में छात्रों के साथ आए हुए शिक्षकगण सुषमा शर्मा, सुनील कुमारी, दिशा ने इस दौरे तथा पास्ता बनाने की विधि सीखने के लिए प्रिंसिपल इंचार्ज संजीव डे तथा स्टाफ का विशेष रूप से धन्यवाद किया ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा 14 जनवरी तक हलका महम में

**महम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 दिसंबर को हलका महम के मोखरा खांडयान छाजाण गांव में पहुंचेगी। यह यात्रा 14 जनवरी तक हलका महम के गांवों को कवर करेगी। 3 जनवरी को यह सुबह किशनगढ़ गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचेगी। जबकि इसी दिन दोपहर बाद सीसर खास गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचेगी। संकल्प यात्रा 4 जनवरी को सुबह भैणीभैरों और दोपहर बाद भैणी महाराजपुर जाएगी। यात्रा 5 जनवरी को भैणी मातो और भैणी सुरजन व 6 जनवरी को बेडवा और भैणी चंद्रपाल पहुंचेगी। 7 जनवरी को फरमाणा खास व फरमाणा बादशाहपुर जाएगी। 8 जनवरी को निंदाना मोहम्मदपुर व खेड़ी और 9 जनवरी को बैंसी व खरक जाटान में यात्रा पहुंचेगी।



### एमडीयू के 4 विद्यार्थियों का लीला एम्बिएंस गुरूग्राम होटल एंड रेसिडेंसस चयन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनजमेंट के 4 विद्यार्थियों का लीला एम्बिएंस, गुरूग्राम होटल एंड रेसिडेंसस में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। वहीं 27 विद्यार्थियों का चयन इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग के लिए हुआ। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि हाल ही में संस्थान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में होटल चेन लीला एम्बिएंस ने विजिट की थी। लीला होटल की ट्रेनिंग कोआर्डिनेटर लर्निंग एंड डेवलपमेंट खुशबू चंदेल ने चयनित विद्यार्थियों की लिस्ट जारी कर दी है। साहिल सहारण, यश जरीवाल, सचिन यादव तथा प्रवेश कुमार को स्थायी नियुक्तियां दी गई हैं और एजाज अली, अक्षय कपूर, मोहित चौहान, अमन अत्री, अनुज, मनप्रीत सिंह, शुभम, सागर थापा, गौरव यादव, प्रवेश कुमार, प्रियांशु, ईशा चौहान, रीतिक, रूपेश कुमार, शाहबाज खान, साहिल सोहटे, साहिल शर्मा, कुलदीप सिंह, सागर हमाल, सुमित चावला, सौरव मिश्रा, शिवम, सूरज शर्मा, जतिन, वंशिका, तेजपाल तथा विशाल का चयन इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग के लिए हुआ है। आईएचटीएम के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुमेघ ने इंटर्नशिप तथा जॉब रिपोर्टिंग की तिथि उपलब्ध करवाई। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया तथा सीसीपीसी निदेशिक प्रो. सुमित गिल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कृष्णवीर मायना की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को स्व. कृष्णवीर मायना समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा स्व. कृष्णवीर मायना की 23वीं पुण्यतिथि मनाई गई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सुबह हवन किया व कृष्णवीर मायना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। गांव बलियाना में शिवालय में 120 जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 200 मरीजों की जांच की गई और आंखों के मुफ्त चश्मे व दवाइयां वितरित की गई। भविष्य में समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को स्व. कृष्णवीर मायना समाज कल्याण ट्रस्ट की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि कृष्णवीर मायना का पूरा जीवन समाज सेवा व युवाओं के उत्थान के लिए लगा। इस अवसर पर रघबीर सैनी, कर्मवीर मायना, सुरेश राणा, शमशेर मलिक, महावीर ठेकेदार, अर्जुन अवार्ड अमित पंघाल के पिता, विजेंद्र पंघाल, राजेश अहलावत, परीक्षित देशवाल, देवेंद्र राणा, वीरेंद्र बल्हारा, प्रीतम देशवाल, बलजीत सिंह, नफे सिंह, मास्टर सोनू, रेखा हुड्डा, सुमन खरब, नरेंद्र गोच्छी, सुबे, जय भगवान, चांद रूप, डॉक्टर दिनेश शर्मा, डॉक्टर जगत सिंह गिल आदि मौजूद रहे।





### बेहाल करने वाली सरकार अब निकाल रही यात्रा

**रोहतक।** आमआदमी पार्टी के नेता लवलीन टूटेजा ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हर वर्ग को बेहाल करने वाली सरकार अब चुनाव के नजदीक विकास यात्रा निकाल रही है। इसमें सरकारी मिशनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह वही सरकारी तंत्र जो दस वर्ष आम जन को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर कटवाता रहा। लवलीन ने कहा कि अब वही भाजपा के नेताओं के इशारे पर विकास यात्रा करवा रहे हैं। सरकारें जनता के सहयोग से बनती है अब जनता इस सच्चाई को समझती है।



### सूचना

मैं, साधु राम पुत्र श्री गोकल निवासीर गांव सैम्पल तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजीत व पुत्रवधु श्रीमती संगीता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, राजपाल पुत्र श्री हरिसिंह निवासी निन्दाना पाना खास उप तह. लाखनमाजरा जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बलकार मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रोल मॉडल कार्यक्रम का किया आयोजन

# बेटियों को शिक्षित करना जरूरी: प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समरगोपालपुर में रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समरगोपालपुर गांव में स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनति ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य जगदीश काकरान ने की।

डॉ. विनति ने कहा कि एक लड़के के पढने से जहां एक घर विकसित होता है, वहीं एक लडक़ी के शिक्षित होने पर दो घरों में साक्षरता की अलख जागृत होती है। उन्होंने कहा कि आज के युग में कड़ी स्पर्धा को देखते हुए प्राथमिक कक्षाओं से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सके। प्राचार्य जगदीश काकरान ने कहा कि बच्चों की सफलता में माता पिता तथा अध्यापकों का बराबरी का योगदान होता है। इस अवसर प्राचार्य जगदीश काकरान, डॉ. विनति, सरपंच राजेन्द्र, एसएमसी लक्ष्मण रंगा, संदीप रंगा ब्लॉक समिति प्रधान, प्रतिनिधि ललित, पंच तेजसिंह, रामतिलक, मामन सिंह, सरिता, ज्योति, सुनीला, सीमा, पूजा व गौरव आदि मौजूद रहे।





### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर घरों में जलाएं घी के दीपक

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में शुक्रवार को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में अक्षत कलश यात्रा मंदिर पहुंची। यात्रा गोकरण धाम के महंत बाबा कपिल पुरी डेरे से चलकर आई। साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारों से उनका स्वागत किया और राम भक्तों ने मंदिर की प्रक्रिमा की। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती की गई और यात्रा में आए भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। साध्वी मानेश्वरी ने दुनिया भर के हिंदुओं से 22 जनवरी को अपने नजदीकी मंदिर में एकत्र होने और पूजा करने की अपील की। रामलला की प्रतिष्ठा के दिन हम अपने घरों और मंदिरों को घी के दिए जलाकर रोशनमय करके दीपावली की तरह त्यौहार मनाएं।



## खबर संक्षेप

### ट्रक से सामान चोरी करता चोर सीसीटीवी में कैद

**रोहतक।** सब्जी मंडी स्थित कबाड़ी मार्केट में ट्रक से कबाड़ चोरी करने का मामला सामने आया है। वहीं चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानदार ने आरोपी को सीसीटीवी में चोरी करते हुए देखा तो मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने कच्चा बेरी रोड फाटक के पास से हुई बुलेट मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी शहर बिजेंदर सिंह ने बताया कि हाल रेलवे क्वार्टर कच्चा बेरी रोड निवासी उधम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया।

### वेतन न मिलने से कर्मचारियों में रोष

**रोहतक।** पिछले पांच महीने से वेतन न मिलने के कारण वैश्य महिला महाविद्यालय के एसएफएस कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसी के मद्देनजर पिछले नौं दिनों से कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर में धरना दिया हुआ है।

### रोहतक रनर्स ग्रुप ने गुरुग्राम में जीते मेडल

**रोहतक।** गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित 32वीं हरियाणा राज्य मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रोहतक रनर्स ग्रुप के सभी प्रतिभागी एथलीटों ने अपने अपने आयु वर्ग में पदक जीते। रामफल फोगाट कादमा (75प्लस) ने 800 और 5000 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर रामदिया (80प्लस) ने 10 किलोमीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### पीजीआई में 4 फरवरी को एनुअल ओर्थोपेडिक होगी

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के हड्डी रोग विभाग द्वारा 4 फरवरी को एनुअल रोहतक ओर्थोपेडिक कांफ्रेस (एआरओसी) 2024 का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने कांफ्रेंस के ब्रोशर का उद्घाटन किया। कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह व उनकी टीम को बधाई दी और कहा कि हमें मरीजों के हित में हमेशा कुछ नया करने की सोच रखनी चाहिए।

### भिवानी में गोहाना के व्यक्ति के साथ मिलकर खोला था अस्पताल

# रोहतक के डॉक्टर भाईयों से 22 करोड़ की धोखाधड़ी हिस्सेदार ने फर्जी अकाउंट बना रुपये ट्रांसफर किए

- अस्पताल को शुरू करने के लिए संपत्ति गिरवी रखकर लोन लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी में अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर भाईयों के साथ 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी का आरोप भाईयों ने अपने हिस्सेदार पर लगाया है। इस अस्पताल को शुरू करने के लिए संपत्ति गिरवी रखकर लोन लिया गया था। इस लोन का भुगतान अस्पताल को करना था, लेकिन जब डॉक्टर भाईयों के पास बैंक की तरफ से एक नोटिस गिरवी रखी संपत्ती को अपने कब्जे में लेने व बेचने को लेकर आया तो उनके होश उड़ गए।

उन्होंने अपने हिस्सेदार से बात की और बैंक खाते की स्टेटमेंट चेक की तो उन्हें फर्जीवाड़े का पता चला। आरोप है कि हिस्सेदार ने फर्जी तरीके से खात खुलवाकर कुछ कंपनियों को रुपये ट्रांसफर किए हैं। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार रोड पर रहने वाले डॉ. मनोज कुमार और डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने गोहाना के एक व्यक्ति मनजीत के साथ मिलकर भिवानी में अस्पताल खोला। इसके संचालन के लिए एक फर्म बनाई, जिसमें तीनों हिस्सेदार बन गए। डॉक्टर भाईयों को 25-25 प्रतिशत के पार्टनर बनाने पर सहमति बनी। डॉक्टर भाईयों ने बताया कि कॉर्पोरेशन बैंक रोहतक में एक खाता खुलवाया गया था जो कि बाद में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में मर्ज हो गया। हिस्सेदारी की शर्तों के अनुसार जो भी बैंक से लेन-देन होगा किन्ही भी दो हिस्सेदारों के हस्ताक्षर और सहमति से होना तय हुआ था। कोई भी एक हिस्सेदार बैंक से लेन-देन नहीं कर सकता, लेकिन आरोपी मनजीत और बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ फर्जी दस्तावेजों के सहारे सोलो सिग्नेचरी अकाउंट बनावा लिया। यह खाता हमारे संज्ञान में नहीं था।

#### फर्मों को ट्रांसफर किए रुपये

डॉ. मनोज कुमार और डॉ. राकेश कुमार का आरोप है कि 2017 में रोहतक चाले खाते से बिना हमारी जानकारी के 15 लाख रुपये एक फर्म में मनजीत ने खुद के हस्ताक्षर से ट्रांसफर कर दिए। इसी साल 2017 बैंक से 13 लाख रुपये फिर से इसी फर्म में मनजीत ने अपने खुद के हस्ताक्षर से ट्रांसफर कर दिए। इसी तरह मनजीत ने खुद के हस्ताक्षर से शिव सुपरस्पैशिलिटी हस्पताल नामक फर्म में भी करोड़ो रुपये ट्रांसफर किए हैं। डॉ. राकेश कुमार व डॉ. मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि यह एक फर्जी फर्म है, जिसमें मनजीत के पिता सतबीर सिंह निवासी आदर्श नगर गोहाना हिस्सेदार दिखाए गए हैं। इसके अलावा एक अन्य फर्म बलवंत मेडिकोज में भी करोड़ों रुपये मनजीत ने हस्ताक्षर से ट्रांसफर किए हैं। इसी तरह से बहुत सी ऐसी फर्म के खाते व दोस्तो व रिश्तेदारों और अपने पिता के के खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर किए। इस पूरे मामले में मनजीत और उसके पिता सतबीर का हाथ है।

#### हिसाब मांगा तो दी धमकी

डॉ. राकेश कुमार व डॉ. मनोज कुमार का आरोप है कि हिसाब मांगने पर मनजीत व उसके पिता सतबीर सिंह ने मुझे व मेरे भाई को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी और हस्पताल में घुसने से भी मना कर दिया। दोनों भाईयों ने बताया कि अस्पताल की शुरुआत के समय जो अस्पताल ने लोन लिया था, उसमें मेरी (डॉ. राकेश कुमार) सुसराल पक्ष की संपति को गिरवी रखा गया था, इस लोन का भुगतान अस्पताल को करना था। लेकिन मनजीत ने लोन का भुगतान न करके करोड़ों रुपये दूसरी जगह ट्रांसफर कर लिए। हाल ही में ईसीएच पैनल के साढ़े 3 करोड़ रुपये आने थे, जिससे हस्पताल का लोन चुकाना था। मनजीत ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके अपने आपको अधिकृत बनाकर इस पेमेंट को रुकवा दिया।

#### पिता-पुत्र ही देखते हैं अस्पताल का काम

डॉ. राकेश कुमार व डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हम दोनों भाईयों के अपने दूसरे अस्पतालों के व्यस्तता के कारण मनजीत व उसके पिता सतबीर अस्पताल का कार्य देखते हैं। जब भी अस्पताल के हिसाब किताब के बारे में मनजीत व उसके पिता से पूछते तो वह कहता कि अस्पताल घाटे में है और मैंने हस्पताल के लिए कुछ नई मशीनें खरीदी हैं और मशीनों के रुपये अपने रिश्तेदारों से उधार लेकर उनकी पेमेंट की हुई है। दोनों भाईयों ने बताया कि जब हमने बैंक से स्टेटमेंट प्राप्त की फर्जीवाड़े का पता चला। इसके बाद मैंने मनजीत से इसके बारे में बात की कि इतने करोड़ो रुपये इन खाते में क्यों गए हैं, जबकि हम दोनों भाईयों के बैंक खातो में आज तक 1 रुपये की राशि भी नहीं मिली और बैंक का करोड़ो रुपये का लोन भी अभी तक बाकी है।

## पूर्व सैनिक से इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर 17 लाख की ठगी के मामले में तीन गिरफ्तार

- चार लाख रुपये, 8 मोबाइल फोन व 4 एटीएम कार्ड

**रोहतक।** पुलिस ने पूर्व सैनिक से इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर करीब 17 लाख रुपये की ठगी के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 4 लाख रुपये, 8 मोबाइल फोन व 4 एटीएम कार्ड आदि सामान बरामद हुआ। यह बात शुक्रवार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी कुलदीप सिंह पत्रकारों से कही। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक धर्मवीर ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर ठगी करने की शिकायत दी थी। जिसमें पीड़ित ने बताया था कि उसके साथ 17 लाख की ठगी की गई है। साइबर पुलिस ने पूर्व सैनिक के साथ हुई इस ठगी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता पूर्व सैनिक धर्मवीर ने शिकायत में बताया कि 2019 में कुछ लोगों ने फोन कर उन्हें बताया कि वे इंश्योरेंस पॉलिसी करते है। इनके जरिए उन्होंने कॉल की। उसके बाद आरोपियों ने कम समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच दिया। आरोपियों ने उसे जाल में फंसाकर 17 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थीं। जांच में साइबर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों में दो पश्चिम बंगाल के रहने वाले है, वहीं एक गाजियाबाद का रहने वाला है। इन आरोपियों से पुलिस ने 4 लाख रुपये कैश, 8 मोबाइल और 4 एटीएम कार्ड बरामद किए है। उन्होंने बताया कि इंश्योरेंस कंपनी से नौकरी छुटने के बाद की ठगी तीनों आरोपी एक इंश्योरेंस पॉलिसी कंपनी में काम करते थे। ऑनलाइन पॉलिसी बेचने वाली कंपनी में जॉब करते थे। कोरोना में कंपनी ने निकाल दिया। इसके बाद काम सैलरी पर रखा। इसी दौरान इन तीनों ने कंपनी के ग्राहकों के डाटा के जरिए लोगों को पॉलिसी करने और फिर उन्हें लालच देकर पैसे और बैंक खाते लेने का काम करने लगे। प्राथमिक जांच के अनुसार इस तरह का इनका पहला केस है। हालांकि अभी तक मामले की जांच की जा रही है।



# ग्रामीणों को मिलेगा आरओ का पानी टोंटी पर कार्ड रखते ही निकलेगा पानी

- एटीएम की तरह कटेगा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मदीना गांव में सरकार की ओर से दो आरओ लगाए जाएंगे। ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष जयभगवान दांगी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा चंडीगढ़ जाकर गांव में पीने के पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों से गुहार लगाई गई थी। इसको गंभीरता से लेते हुए आईएएस अधिकारी डॉ. कुमार सू प्रवीन सीएसआर द्वारा जनसंख्या के आधार पर दो बड़े आरओ मंजूर किए गए हैं। जो एक घंटे में 1 हजार लीटर पानी फिल्टर करने की क्षमता वाले होंगे। ग्रामीण राजबीर दांगी, जगदीश, राजेंद्र, जयसिंह व अध्यापिका राजबाला ने बताया कि चंडीगढ से आए आईएएस कुमार सू प्रवीन द्वारा उनको सुबह 6 बज रेस्ट हाउस रोहतक में बुलाकर आरओ की सुविधा मंजूर की गई जो काबिले तारीफ है। बताया कि दो आरओ पर लगभग 6 लाख रुपये खर्च आएगा जो सरकार वहन करेगी। उसके बाद समिति इसका संचालन करेगी। यह एटीएम की तरह काम करेगा। कार्ड रिचार्ज करवाकर आरओ से पानी लिया जा सकता है। पानी की टोंटी पर कार्ड रखते ही पानी चालू हो जाएगा।उपभोक्ता जितना पानी भरेगा उनता ही कार्ड से पैसा कट जाएगा। उन पैसों से आरओ की मरम्मत आदि चलती रहेगी।



**महम।** मदीना में आरओ लगवाने की मांग को लेकर अधिकारियों से मिलने पहुंचे ग्रामीण।

### मॉडल स्कूल सांपला ने सड़क सुरक्षा अभियान

**राहेतक।** मॉडल स्कूल सांपला के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय बेरी रोड पर यातायात जागरूक अभियान चलाया आजकल सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए स्कूल प्रिन्सिपल निर्मल भारद्वाज के अगुआई में बेरी मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया स्कूल छात्र -छात्राएं अपने हाथों में सड़क नियमों व सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर खड़े थे जो सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को गाड़ी रुकवा कर सीट बैल्ट बांधने और दोपहिया वाहन चालकों को बाईक स्कूटर चलाते समय हैलमेट पहनने को कह रहे थे और जो वाहन चालक पहले से ही सीट बैल्ट अथवा हैलमेट पहने थे उनको तालियां बजाकर उनका सम्मान भी कर रहे थे इस अभियान में स्कूल छात्र -छात्राओं के साथ स्कूल में शारीरिक शिक्षक महाबीर सिंह ,एकता सांगवान ,हिमांशी और गोविंद साथ रहे।

# सुमित हत्याकांड में दो युवकों पर केस

- दोनों युवक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव पहरावर के पास एक ढाबे पर हुई दिल्ली के युवक की हत्या मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि दोनों युवक अभी फरार चल रहे है। जानकारी के अनुसार आरोपियों में से एक ने फुफेरे भाई को पकड़ लिया और दूसरा ममेरे भाई को बाहर बाथरूम के लिए ले गया। जहां पर उसकी छाती में चाकू घोंप दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिवाजी कॉलोनी पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि उसके पास दो बेटे हैं। उसका बड़ा लड़का करीब 27 वर्षीय सुमित ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया है। अब सुमित होटल खोलने की तैयारी में था। 27 दिसंबर को सुमित अपनी बुआ के घर गांव खरावड़ में आया हुआ था। 28 दिसंबर की सुबह सूचना मिली की सुमित की चाकू मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद परिजन रोहतक पीजीआई पहुंचे।

मुकेश कुमार ने बताया कि पीजीआई में उनका भांजा अजय व अजय का दोस्त साहिल व भांजा कृष्ण मिले। जिन्होंने बताया कि वे सुमित के साथ पार्टी करने के लिए गांव पहरावर के समीप बाईपास पर एक होटल में गए थे। वहां पर गांव खरावड़ निवासी दीपक व ब्रिजू भी बैठकर खाना खा रहे थे। सुमित व दीपक की आपस में कहासुनी हो गई। पहले दोनों को समझा दिया। कुछ देर बाद अजय और कृष्ण शराब लेने के लिए गए थे। इस दौरान सुमित को दीपक बाथरूम करने के बहाने बाहर ले गया। वहीं अचानक ब्रिजू ने साहिल को पकड़ लिया तथा दीपक ने सुमित की छाती में चाकू मार दिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी चाकू सहित वहां से फरार गए। घायल सुमित को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर डाक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

#### पिता की शिकायत पर किया केस दर्ज

मृतक युवक के पिता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। अभी तक दोनों युवक फरार है। जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
-प्रदीप कुमार, शिवाजी कॉलोनी, एसएचओ

### शाइनिंग स्टार्स में पीटीएम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलएफ स्थित शाइनिंग स्टार्स में परीक्षा परिणामों पर पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने अध्यापकों के साथ मिलकर अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम, स्कूल में बच्चे की प्रगति पर चर्चा की और शैक्षणिक या व्यवहार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की। विद्यालय प्राचार्या ममता मलिक ने कहा कि अभिभावक व अध्यापक की वार्ता से हम बच्चे में अपेक्षित बदलाव ला सकते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज अमन ग्रोवर, पायल शर्मा, शिल्पा, रिचा कपूर, पायल, पुरुषार्थ, इशिता, स्वीटी, मोनिका, गीतिका, गायत्री, अलिशा, स्वाति, हिना सहित अन्य उपस्थित रहे।



### गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में की मस्ती

**रोहतक।** सहेली क्लब ने शुक्रवार को नव वर्ष के उपलक्ष में दिल्ली बाइपास स्थित निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया। सभी ने विभिन्न प्रकार के खेल खेले। पंजाबी और हरयाणवी गीतों पर नृत्य कर खूब मस्ती की। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही क्लब ने वर्ष 2024 के लिए नई कमेटी का भी गठन किया। सभी ने एक दूसरे का नए साल की बधाई दी। इस मौके पर आशा जैन, मीरा बंसल, रोजी खानेजा, बीना बंसल, सरिता जैन, मधु अरोड़ा, सविता, पिंकी गर्ग, सुमन अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पठानिया कैंपस में बच्चों ने 'शो एंड टेल' प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया कैंपस में कक्षा नर्सरी के छात्रों के लिए 'शो एंड टेल' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मंच कक्षा अध्यापिकाओं सुचिता आहूजा व एकता ढल के निर्देशन में अविका, आर्यव्रत, मोहित एवं आयान ने बड़ी ही खूबसूरती से किया। प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में संवाद कुशलता को बढ़ावा देती हैं। प्रारंभिक वर्षों में ऐसी निपुणता बच्चों में आत्मविष्वास भर देती हैं। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने पंसदीदा विषयों जैसे-स्पाइडर मैन, कार, आईसक्रीम, गुड़िया, पिग्गी बैंक, बन्नी, फल, किताबें आदि के बारे में बताया। हीना जावा एवं ट्वींकल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जिसमें लोट्स सेक्षन से अश्वथ, हेजल, रौनक, सावी, योनित तथा ट्यूलिप सैक्षन से आराध्या, चार्वी, धुरव, दिया, मैथिली आदि का प्रदर्षन उत्कृष्ट रहा। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बच्चों के कौशल की सराहना की और बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को क्रियात्मक गतिविधियों में भाग लेना बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार बनता है।

### स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान



**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिटौली में सात दिवसयी एनएसएस शिविर के दौरान शुक्रवार को स्कूल कैंपस की सफाई की गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज नारा, एनएसएस अधिकारी सुनीता चुघ व अन्य स्टाफ़ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। बच्चों ने स्कूल कैंपस में पौधों को पानी दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### फरीदाबाद में वैक्सीन लगवाने की शुरुआत भी करवाई

# काले पीलिए के बारे में जानकारी दी: डॉ. प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फरीदाबाद के श्री अटल बिहारी वाजपेयी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. बीएम वशिष्ठ ने विकसित भारत 2047 एजेंडा में अमृत कॉल विमर्श के तहत काले पीलिए पर एक व्याख्यान करवाया। व्याख्यान देने के लिए पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष एवं मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर के इंचार्ज डॉ. प्रवीण मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित हुए। व्याख्यान में सैकड़ो विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर बीएम वशिष्ठ ने बताया कि काले पीलिए के बारे में वहां के विद्यार्थी, फैकल्टी व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई और सरकार द्वारा चलाई जा रही काले पीलिए की मुफ्त इलाज व बचाव की विस्तृत जानकारी सांझा की गई। निदेशक डॉ. बीएम वशिष्ठ ने बताया कि आज डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा के सहयोग से सभी एमबीबीएस विद्यार्थियों, चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस बी से बचाव की मुफ्त वैक्सीन लगवाने की शुरुआत भी की गई और सभी को इसके तहत 3 टीके लगाए जाएंगे। डॉक्टर बीएम वशिष्ठ ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस बी की चपेट में आने का अंदेशा ज्यादा होता है, इसलिए सभी को यह वैक्सीन लगवानी चाहिए।



#### प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया

डॉ. बीएम वशिष्ठ ने बताया कि हरियाणा में सभी मेडिकल कॉलेज, पीजीआइएमएस रोहतक व सिविल अस्पतालों में पीलिया के निशुल्क इलाज की सुविधा है और इसी वजह से हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ इलाज के लिए भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया था। डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि उनकी पूरी टीम की चाहती है कि हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ वें फरीदाबाद मेडिकल कॉलेज में आने वाले सभी रोगियों तक पहुंचाएं और विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा मुहैया करवाई जाए।

#### काले पीलिया का मुफ्त इलाज शुरू करेंगे

डॉ. बीएम वशिष्ठ ने बताया कि डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा व हरियाणा सरकार के सहयोग से और मार्गदर्शन से जल्द ही इस मेडिकल कॉलेज में भी काले पीलिया का मुफ्त इलाज शुरू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है, जिसने काले पीलिए के विरुद्ध मुफ्त इलाज की शुरुआत जीवन रेखा स्कीम के तहत की थी और इसकी रूपरेखा को नेशनल वायरल हेपिटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम में अपनाया गया। अब इस नेशनल प्रोग्राम के तहत पूरे भारत में हेपेटाइटिस बी और सी का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है।

### गांव सांघी में युवक पर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सांघी निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि 25 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि गांव सांघी घर में फॉयरिंग हुई है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गांव सांघी निवासी विक्रम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 25 अक्टूबर को सुबह के समय विक्रम अपनी भैसो को चारा डाल रहा था। सामने गली में से दो लड़के आते दिखाई दी व बाहर मोटरसाइकिल पर खड़े युवक ने आवाज लगाई उसी की मारना है। विक्रम ने भागकर साइड में खडी बुग्गी की आड ले ली।